मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 | अंक : 263 | बुधवार 14 जनवरी 2026 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. | Mobile.:- 9822045566

@ulhasvikas | ulhasvikas@gmail.com | epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

गोल्डन ग्लोब 2026 : प्रियंका चोपड़ा बनीं अवॉर्ड प्रेजेंटर

# भाजपा का महापौर बनेगा -वधरिया

## पूर्ण बहुमत मिला तो शहर का कायाकल्प करेंगे- रामचंदानी



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका के कल 15 जनवरी 2026 को होने जा रहे चुनाव के मद्देनजर उल्हासनगर भारतीय जनता पार्टी ने वचननामा तैयार किया है जिसमें विकसित, स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध शहर की संकल्पना की गई है। इस घोषणा पत्र में भाजपा की नीति उल्हासनगर की प्रगति के तहत सभी सड़कों को सीमेंट कंक्रीट करना, गड्ढा मुक्त शहर देना, नए रास्तों का निर्माण सहित यातायात में सुधार, कचरा मुक्त उल्हासनगर का लक्ष्य, 24 गंटे स्वच्छ पेयजल देना, स्वतंत्र जल स्त्रोत देना, बगीचों का सौंदर्यीकरण, वोट क्लब में आधुनिक पार्क बनाना, आवास और पुनर्विकास की योजनाएं, शिक्षा व खेल में सुधार, नागरिक सुविधा का डिजीटलीकरण, स्वास्थ्य सेवाएं, महिला सशक्तिकरण व सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी लगाना जैसे प्रमुख मुद्दे देने की बात भाजपा ने की है। मनपा चुनाव प्रमुख प्रदीप रामचंदानी ने कहा है कि अगर जनता हमें पूर्ण बहुमत देती है तो हम इन सारे वादों को पूरा करके शहर का कायाकल्प करेंगे।

## उल्हासनगर को गुंडा मुक्त करेंगे- कुमार आयलानी

भाजपा विधायक कुमार आयलानी ने कहा है कि शहर में गुंडाराज काफी दशकों से चला आया है और अभी भी शहर के गुंडे जेल से निकलकर वोट मांग रहे हैं उनसे शहर को बचाने का काम भाजपा करेगी। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण व प्रदेश में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन में हम उल्हासनगर शहर को गुंडा मुक्त करेंगे।

वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया ने कहा कि भाजपा पहली बार उल्हासनगर शहर में 78 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जो विश्वास जनता ने पहले भी दिखाया है इस बार भी दिखाएगी ऐसी हमें उम्मीद है। इस बार 50 सीटों का जादुई आकड़ा पार करेंगे। पूर्ण बहुमत की ताकत जनता देती है तो हम वचननामा पूरी तरह निभाएंगे। देश व प्रदेश के साथ उल्हासनगर में भी भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में आएगी और भाजपा का ही महापौर शहर में होगा। शहर विकास को गति देने के लिए भाजपा को चुने ऐसी अपील भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया ने शहरवासियों से की है।

## पैनल 5 में साई पक्ष उम्मीदवार ने दिया विक्की भुल्लर को समर्थन



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 5 में साई पक्ष के उम्मीदवार सुनील गंगवानी ने चुनाव मैदान से हटते हुए अपना पूरा समर्थन शिवसेना उम्मीदवारों को दिया है। सुनील गंगवानी ने कहा कि अबसे वो शिवसेना का प्रचार करेंगे और पैनल 5 के सभी मतदाताओं से भी अपील करते हैं कि वो शिवसेना के उम्मीदवारों को जीताए। शिवसेना के युवा उम्मीदवार विक्की भुल्लर के सामने सुनील गंगवानी मैदान से हटते हुए भुल्लर को अपना पूरा समर्थन देने की घोषणा कर दी है। साई पक्ष का समर्थन मिलने से पैनल 5 में शिवसेना का पलड़ा भारी हो चुका है। विक्की भुल्लर ने कहा है कि अब आम जनता को ही परिवर्तन लाना है। शिवसेना की सीधी लड़ाई अब भाजपा से है। पैनल 5 में विक्की भुल्लर, सीमा कालानी, दिलीप जग्यासी व निकिता छापरू सेना उम्मीदवार है।

## जिसने कोरोना काल में संभाला वो गंगोत्री आगे भी संभालेगा



### पैनल 17 में मुकाबला विकास व भ्रष्टाचार के बीच

उल्हासनगर। पैनल 17 में होने जा रहे चुनाव में मुकाबला विकास व भ्रष्टाचारियों के बीच ही नजर आ रहा है। एक तरफ कोरोना काल जैसे हाल में वार्ड के साथ साथ शहर भर में अपनी निस्वार्थ सेवा देने वाले गंगोत्री वेलफेयर फाउंडेशन के प्रमुख भारत गंगोत्री की टीम खड़ी रही वो जनता नहीं भूली है। उस समय जो लोग घरों से ही नहीं निकले वो लोग आज वोट मांगने आ रहे हैं और हम पर ही इल्जाम लगा रहे हैं। पैनल 17 में राकांपा उम्मीदवार भारत राजवानी गंगोत्री, कमलेश सिरसाठ, रिंकी धामेजानी व सोनिया थदानी का प्रचार जोरों पर चल रहा है। कोराना काल, सड़कों का विस्तारीकरण, पानी की समस्या, कचरे की समस्या आदि समस्या का निवारण गंगोत्री ने समय समय पर किया है। कहते हैं इंसान की असली पहचान उसके तकलीफ के समय होती है वही पहचान गंगोत्री ने इतने वर्षों से पैनल 17 में कमाई है। गंगोत्री ने सभी से राकांपा को मतदान करने की अपील की है। उनको भाजपा व सेना के उम्मीदवार टक्कर दे रहे हैं।

## भाजपा-सेना के कार्यकर्ता लड़ पड़े

### सदाशिव पाटिल के उप नगराध्यक्ष चुने जाने पर प्रदीप पाटिल ने बधाई दी

### अंबरनाथ नपा का चुनाव पूरे देश में गूंजा



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद के सभागृह में हुए उप नगराध्यक्ष पद के चुनाव में बड़ा हंगामा हुआ था. लेकिन इस सभा का अंत बहुत ही सुखद रहा. भाजपा के प्रदीप पाटिल, जिन्होंने लगभग एक घंटे तक सदाशिव पाटिल को बुरा भला एवं गद्दार तक कह दिया. लेकिन जैसे ही चुनाव संपन्न हुआ और नगराध्यक्षा तेजश्री पाटिल ने सदा मामा के उपनगराध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की, सभागृह में सबसे पहले हारने वाले उम्मीदवार प्रदीप पाटिल ने बधाई देते हुए कहा कि जो हुआ सो हुआ. अब चुनाव हो गया है. सदा मामा के उप नगराध्यक्ष चुने जाने पर वह उन्हें बधाई देते हैं. सभी उपस्थितों के चेहरे पर मुस्कुराहट देखी गई. शिवसेना राकांपा के उम्मीदवार सदाशिव पाटिल एवं उनके नगरसेवकों द्वारा पहले भाजपा को समर्थन देने के बाद शिवसेना को समर्थन दिए जाने पर उन्हें सभागृह में भाजाप एवं कांग्रेस के 12 नगरसेवक, जो निलंबन के बाद भाजपा में प्रवेश कर गए थे. उन्होंने सदाशिव पाटिल को गद्दार कहा और ये भी कहा कि वह उनके साथ उनकी बेंच पर आकर बैठे. सदामामा द्वारा ऐसा ना करने पर उन पर ताने कसे गए. इन सब बातों में प्रदीप पाटिल आगे थे. जिसका उत्तर शिवसेना के गट नेता रविंद्र करंजुले, राजेंद्र वालेकर, अब्दुल शेख आदि ने दिया. आखिर हाथ ऊपर करके मतदान कराया गया. जिसमें सदाशिव पाटिल चार वोट से जीत गए. नगराध्यक्षा ने सदाशिव पाटिल के उप नगराध्यक्ष बन जाने की घोषणा की. जिसके बाद सारा विवाद थम सा गया और सभी उपस्थित नगरसेवकों ने बेंच बजाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर बधाई ती. बधाई देने वालों में सबसे पहले प्रदीप पाटिल थे. बाद में नपा के बाहरी गेट पर भाजपा एवं शिवसेना के कार्यकर्ता आप में भिड़ गए. पुलिस को बीचबचाव करना पड़ा.

## पैनल 2 में भाजपा प्रत्याशियों को RPI व हर वर्ग का समर्थन



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 2 में भाजपा उम्मीदवारों का प्रचार अंतिम चरण में चल रहा है। भाजपा उम्मीदवार मीना कौर लबाना, संध्या मराठे, हरि कनोजिया व भरत शिवनानी द्वारा कल निकाले गए भव्य रैली में उनके साथ सैकड़ों की संख्या में आरपीआई समेत हर वर्ग के लोगों का समर्थन मिला। भाजपा नेता अजित सिंह लबाना ने कहा कि इस बार भाजपा ने तीन नए चेहरों को मौका दिया है। हमने पिछले 15 वर्षों से भी ज्यादा इस पैनल में आम लोगों की सेवा की है वार्ड का विकास हमारी प्राथमिकता रही है लेकिन बड़े नेताओं ने अपना विकास किया है। ऐसे में हमारे भाजपा उम्मीदवारों को अपना वोट देकर उन्हें विजयी बनाएं। भाजपा को शिवसेना के उम्मीदवार टक्कर दिए हुए हैं।

## पैनल 16 पानी की समस्या से मुक्त होगा -सोनिया धामी



**उल्हासनगर।** पैनल 16 में राकांपा उम्मीदवार सोनिया धामी, विजय राजवानी, भाऊ म्हात्रे व नेहा प्रकाश लुंड का प्रचार पर अब अंतिम दौर में चल रहा है। प्रचार के दौरान राकांपा प्रदेश महासचिव सोनिया धामी ने कहा कि यहां पर सबसे बड़ी समस्या पानी की ही है। यहां पानी की समस्या के नाम पर महिलाओं का शोषण किया जा रहा है। पानी का कोई निश्चित समय नहीं है और पूर्व नगरसेवकों ने यहां पर पानी वॉल पर कब्जा कर रखा है और मनमानी ढंग से पानी छोड़ा जाता है। कुछ क्षेत्रों में पानी है कहीं पानी नहीं है। महिलाएं वाट्सअप ग्रुप के सहारे ही अपना दिनचर्या बनाती है। इस महिलाओं के शोषण को सबसे पहले हम बंद करेंगे। इसलिए राकांपा उम्मीदवारों को जीताएं और पानी की समस्या से छुटकारा पाएं। सोशल मीडिया में व्यस्त भ्रष्टाचारी नेताओं को हटाने का सुनहरा मौका पैनल वासियों को मिला है वो जाया न करें।

## सुभाष टेकड़ी में अंबेडकर चौक पर पैसों से भरा बैग पकड़ा गया



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के आम चुनाव 2026 के लिए प्रचार 13 तारीख को शाम 5 बजे खत्म हो गया। उसी समय, उल्हासनगर के कैंप नंबर 4 इलाके के सुभाष टेकड़ी में एक घटना हुई है, जहां एक इंडिपेंडेंट उम्मीदवार ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर चौक से तेज रफ्तार से गुजर रहे एक रिक्शा से करीब 50 लाख रुपये कैश पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया।

इस घटना के कारण सुभाष टेकड़ी के अंबेडकर चौक पर लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। चुनाव में इंडिपेंडेंट उम्मीदवार के तौर पर खड़े नरेश उर्फ नारायण गायकवाड़ ने आरोप लगाया कि उन्होंने कैश तब पकड़ा जब वह वोटरों को बांटने जा रहे थे। जब नारायण उर्फ नरेश गायकवाड़ से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि जब रिक्शा कैंप नंबर 3 इलाके से गुजर रहा था, तो मैंने उसका पीछा किया। उस समय उस रिक्शा में दो से तीन लोग बैठे थे। यह रिक्शा सुभाष टेकड़ी के अंबेडकर चौक पर आता है। मैंने यह रिक्शा विट्ठलवाड़ी पुलिस पोस्ट के सामने रोका। उस समय, उस रिक्शा में बैठा अनजान आदमी भाग गया। जब रिक्शा की जांच की गई, तो उसमें एक बड़ा बैग था। मैंने तुरंत रिक्शा ड्राइवर को पकड़ा और उसे विट्ठलवाड़ी पुलिस पोस्ट के हवाले कर दिया। जब पुलिस ने बैग की जांच की, तो नारायण उर्फ नरेश गायकवाड़ ने दावा किया कि उस बैग में करीब 50 लाख रुपये कैश थे। ऐसा माना जा रहा है कि यह घटना सुभाष टेकड़ी में बड़ी संख्या में लोगों ने देखी। पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि यह कैश किस पार्टी का है और इसे किस उम्मीदवार को बांटा जाना था। रेडिंग टीम ने कैश जब्त कर लिया है। रिक्शा ड्राइवर को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस इस घटना की आगे जांच कर रही है।

## पैनल 3 में भुल्लर महाराज को ज्यादा लीड से जिताएं - शिंदे



उल्हासनगर। पैनल 3 में शिवसेना उम्मीदवार राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज, चरणजीत कौर, संगीता खंडारे और वंदना भदाणे चुनावी मैदान में है। उनके समर्थन में कल सांसद श्रीकांत शिंदे की भव्य सभा आयोजित की गई थी जिसमें पप्पू कालानी भी उपस्थित थे। सांसद शिंदे ने कहा कि आज प्रचार सभा में यह भीड़ देखकर मैं यह अंदाजा लगा सकता हूं भुल्लर महाराज ने अपने विकास कार्यों की बदौलत इस तरह का प्यार व समर्थन हासिल किया है। इसलिए मैं ज्यादा नहीं कहते हुए यही कहूंगा कि 15 जनवरी को होने जा रहे मतदान के दिन शिवसेना के उम्मीदवारों को मतदान दें। जितना ज्यादा मतदान उतनी ज्यादा लीड से महाराज को जीताने की अपील शिंदे ने की है।

## पैनल 9 में शिवसेना के उम्मीदवारों का प्रचार किया सांसद शिंदे ने




**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 9 में शिवसेना के युवा उम्मीदवार आकाश सुमित चक्रवर्ती, डिम्पल नरेंद्र कुमारी ठाकुर, कविता लासी ने पैनल में जोरदार प्रचार किया है। उन्हें भव्य रैली, रोड शो, घर-घर प्रचार में जनता का भरपूर समर्थन मिला है। इस बार शिवसेना के युवा उम्मीदवारों जीत के काफी करीब हैं। पैनल 9 में सांसद श्रीकांत शिंदे ने भी दौरा किया और उन्हें युवाओं को मिल रहे समर्थन पर कहा कि शिवसेना की ताकत बने इन युवाओं को जीताना आपका दायित्व है ताकि वार्ड का विकास कार्य गति और प्रगति से हो। उन्हें टक्कर भाजपा व राकांपा के उम्मीदवार मैदान में है।

## पैनल 6 में शिवसेना मजबूत- माखीजा



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 6 में इन दिनों सारे शहर की नजरें टिकी हुई है। इस पैनल में दो पूर्व नगरसेवकों और दो नए चेहरों को शिवसेना ने उतारा है। पैनल 6 के शिवसेना उम्मीदवार जया प्रकाश माखीजा, महेश सुखरामानी, प्रेरणा अजित माखीजानी व विक्की सिंह मैदान में है। इस पैनल में चुनाव प्रचार की कमान पप्पू कालानी ने संभाली हुई थी। साथ ही सांसद श्रीकांत शिंदे के प्रचार रैली के बाद यहां पर लोगों ने शिवसेना को ही अपना समर्थन देने का मन बनाया है। पिछले कई वर्षों से इसी वार्ड का कार्य करने वाले नेताओं को आज भी लोग पसंद कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि आगे भी लोग अपना समर्थन देंगे। स्थानीय उम्मीदवारों के कारण भी पैनलवासियों का भरपूर समर्थन है। यहां शिवसेना को भाजपा के प्रत्याशी टक्कर दे रहे हैं।

## पैनल 6 व 8 में भाजपा की लहर



उल्हासनगर। उल्हासनगर मनपा चुनाव प्रचार तो थम गया है कि लेकिन पैनल 6 व पैनल 8 में भाजपा उम्मीदवारों ने घर-घर प्रचार करके मतदाताओं तक पूरी तरह पहुंचाने का कार्य किया है। इन दोनों पैनलों में लाडकी बहनों से मुलाकात की और भविष्य में सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया के लिए यह दोनों वार्ड इसलिए भी अहम है क्योंकि पैनल 6 उनका पुराना वार्ड है और पैनल 8 के वो पूर्व नगरसेवक रह चुके हैं। दोनों ही पैनलों के मतदाताओं से उनका सीधा संपर्क है। पैनल 6 में भाजपा उम्मीदवार दीपक छतलानी, आयशा वधरिया, हेमा पिंजानी, भूमिका नाथानी चुनावी मैदान में है तो पैनल 8 में राजेश वधरिया, संजय सिंह, छाया चक्रवर्ती व ज्योति पाटील भाजपा की उम्मीदवार है। इन दोनों पैनलों में भाजपा की सीधी टक्कर शिवसेना से ही है।

## पैनल 2 में जमनू पुरस्वानी इतिहास बनाएंगे



उल्हासनगर। उल्हासनगर मनपा के पैनल 2 में शिवसेना उम्मीदवार जमनू पुरस्वानी सहित अनुष्का गोपलानी, होशियार सिंह व सविता पारवानी चुनावी मैदान में है। इस पैनल में जमनू पुरस्वानी के किए गए विकास कार्यों से आज इस पैनल में उनकी अलग पहचान है और 5 बार नगरसेवक रह चुके पुरस्वानी इस बार इतिहास बनाने की राह पर है। उन्होंने कहा कि मैंने अपना पूरा जीवन इस वार्ड के लोगों की सेवा के लिए दिया है। आज विरोधियों के पास मेरे खिलाफ कुछ कहने के लिए नहीं है इसलिए मनगढ़ंत कहानियां सुनाकर मतदाताओं को गुमराह किया जा रहा है। विरोधी अपना कार्य करें और हम जनता का कार्य करके इस बार जीत का इतिहास रचेंगे। शिवसेना के उम्मीदवार जमनू पुरस्वानी को भाजपा व राकांपा के उम्मीदवार टक्कर दे रहे हैं।

## पैनल 2 में राकांपा युवा उम्मीदवार नीतेश चैनानी का पलड़ा भारी



उल्हासनगर। पैनल 2 में राकांपा युवा उम्मीदवार नीतेश कुमार चैनानी का घर-घर प्रचार जोरों पर चल रहा है। दो दिग्गजों की लड़ाई में स्थानीय लोग युवा उम्मीदवारों का पसंद इसलिए कर रही है क्योंकि दोनों तरफ से विकास कार्य नहीं हुए हैं। दोनों नेता एक दूसरे को गिराने में लगे हैं और आम जनता नीतेश चैनानी को पसंद कर रही है। ऐसे में राकांपा का पलड़ा यहां भारी है। अब जनता का क्या फैसला होगा यह तो 16 जनवरी को पता चल जाएगा। फिलहाल वो घर-घर अपना प्रचार करने में लगे हैं।

## पैनल 12 में सिर्फ मोदी का जादू चलेगा -सीरवानी



उल्हासनगर। उल्हासनगर मनपा के पैनल 12 में मोदी का ही जादू चलेगा और एक ही निशानी कमल का फूल ही चलेगी। हमारे विकास कार्य को हराने के लिए विरोधियों ने चुनाव में चिन्ह व पार्टी बदल-बदलकर हर हथकंडा अपनाया है। चिन्ह को लेकर हम गुमराह करने का कार्य नहीं करते हम इस वार्ड के वासी है उस वार्ड की जनता मोदी पर विश्व इस जताती है जो उन्हें सरकारी योजनाओं में मदद करते हैं। भविष्य में सरकारी योजनाओं को लाभ भी दिलाने का वचन हमने मतदाताओं से किया है। पैनल 12 में भाजपा उम्मीदवार टोनी सीरवानी, ज्योति पिंटो बठिजा, कैलाश म्हात्रे व राखी कजानिया चुनावी मैदान में है। उन्हें अपक्ष व राकांपा उम्मीदवार टक्कर दिए हुए हैं।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### कब तक खाई में गिरती रहेगी जिंदगी?

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे लक्षित हमलों के बीच अब पाकिस्तान में एक हिंदू किसान की गोली मार कर हत्या कर देने की घटना ने दुनिया भर में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इससे पहले कनाडा और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी भारतीय मूल के लोगों विशेषकर हिंदुओं के साथ भेदभाव और नस्ली हमलों की खबरें आती रही हैं।

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में जिस हिंदू व्यक्ति की हत्या की गई, वह आर्थिक रूप से कमजोर था। इस घटना से वहां हिंदू समुदाय के लोगों में आक्रोश है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में हिंदू समुदाय के लोगों को जबरन धर्मांतरण और भूमि संबंधी विवादों का अक्सर सामना करना पड़ता है। उन्हें अपनी सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ता है, जिसकी कीमत कई बार जान देकर चुकानी पड़ती है।

पड़ोसी देशों में जिस तरह से अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, वह न केवल सांप्रदायिक उन्माद फैलाने का प्रयास है, बल्कि नागरिकों के जीने के अधिकार का भी उल्लंघन है।

मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अल्पसंख्यक नागरिकों खासकर हिंदुओं की सुरक्षा और उनके मौलिक अधिकारों के लिए आवाज उठाना अब जरूरी हो गया है। इस तरह की घटनाओं की निंदा करने और सिर्फ चिंता जताने भर से बात नहीं बनेगी।

भारत को संबंधित देशों में अपने प्रतिनिधिमंडल भेजने से लेकर द्विपक्षीय वार्ताओं में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाना होगा। यह सच है कि भारत शांतिप्रिय देश है और वह सदियों से दुनिया को समरसता और मैत्री का संदेश देता आया है।मगर अब वक्त यह याद दिलाने का है कि दुनिया के किसी भी कोने में अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा और मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

तमाम देशों की यह जिम्मेदारी है कि वहां के अल्पसंख्यक नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। धर्म और नस्ल के आधार पर नफरत फैलाने और हिंसा को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि मानवाधिकारों की रक्षा की जा सके।

# घर-घर की बातचीत का हिस्सा बन गया है जेन-जी शब्द

आज-कल "जेन-जी" शब्द काफी पॉपुलर हो रहा है। जो आज के युवाओं को प्रतिबिंबित करता है, यानी 1995 से 2010 के बीच पैदा हुए लोग। यह पीढ़ी डिजिटल दुनिया, सोशल मीडिया व टेक्नोलॉजी के साथ बड़ी हुई है और ये अपनी तेज तर्रार सोच व बदलावों के लिए जानी जाती हैं। आज "जेन-जी" शब्द भारत में घर-घर की बातचीत का हिस्सा बन गया है। इस शब्द ने अपनी खुद ही कई तरह की राय बनाई है।

कुछ लोग "जेन-जी" पीढ़ी के जोश, आज़ादी और सोच की स्पष्टता की तारीफ़ करते हैं, तो कुछ को लगता है कि नेपाल, बंगलादेश और मेडागास्कर जैसे देशों में सरकारों को ध्वस्त करने के लिए इस पीढ़ी के अंदर का गुस्सा और बेचैनी ही ज़िम्मेदार है। इन सब बहसों के बावजूद, युवाओं में जो ऊर्जा, उत्साह और ऊंचाइयों को छू लेने की चाहत है, उसे नकारा नहीं जा सकता।

अनेक लोगों ने भारत में "जेन-जी" यानि युवा शक्ति को भटकाने का हर संभव प्रयास किया, मगर भारत की "जेन-जी" ने भारत में विनाश नहीं भारत के विकसित होने के संकल्प को चुना है, उन्होंने भारत के विकास में खुद को झोंक देने की प्रतिबद्धता को साबित किया है। आज भारत की सफलता की कहानियों में भारत के युवाओं की कहानी है। भारत की "जेन-जी" को 'स्व' का बोध है और इसलिए वह 'अमृत काल का अमृत वर्ग' बनकर उभरा है।

भारत का उत्थान भारत के मूल में ही समाहित है। भारत का भविष्य और उसकी प्रगति उसकी गहरी



सांस्कृतिक जड़ों, समृद्ध परंपराओं, प्राचीन ज्ञान, स्वदेशी क्षमताओं और 'आत्मनिर्भरता' के भाव में ही निहित है। 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 75वें स्वतंत्रता दिवस के भाषण में इस सोच को और अधिक मज़बूत किया, जब उन्होंने पंच प्रण (5 संकल्प) के बारे में बात की, उन्होंने प्रत्येक भारतीय से गुलामी की हर मानसिकता से मुक्ति और अपनी विरासत पर गर्व करने की अपील की।

आज इसी सोच को आत्मसात करते हुए भारत के युवा वर्ग ने अपनी परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक जड़ों के साथ एक सचेत जुड़ाव साबित किया है। आज के भारतीय युवा हाथ में स्मार्टफोन लेकर ग्लोबलाइज़्ड दुनिया में घूम रहे हैं, लेकिन आधुनिकता और विरासत के बीच संतुलन साधते हुए वे भारत की सदियों पुरानी परंपराओं के ज़रिए अर्थ, पहचान और निरंतरता की तलाश भी कर रहे हैं।

आज मंदिर जाना, तीर्थाटन करना, भारतीय दर्शन, योग और शास्त्रीय संगीत जैसी प्राचीन प्रथाओं में दिलचस्पी सिर्फ़ पुरानी पीढ़ियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय युवाओं के लिए ये जुड़ाव आंतरिक संतुलन की एक अद्भुत अभिव्यक्ति है। हाल ही में यह बदलाव नए साल की शाम के जश्न के दौरान युवाओं में प्रत्यक्ष रूप से दिखाई दिया, जब हज़ारों युवाओं ने काशी विश्वनाथ मंदिर, राम मंदिर अयोध्या, बांकेबिहारी वृंदावन और श्री तिरुपति बाला जी के मंदिर में नए साल का स्वागत करने का फैसला किया। ऐसे समय में जब आमतौर पर शहरी त्योहारों और नाइटलाइफ़ से जुड़ा होता है, दुनिया के सबसे पुराने आध्यात्मिक केंद्रों में युवा भक्तों की भीड़ का नज़ारा गहरा सांकेतिक मतलब रखता है।

इतना ही नहीं विगत वर्ष प्रयागराज कुम्भ मेले में सबसे अधिक युवाओं की सहभागिता रही। मेरे प्रवास के दौरान मैं कई बार देखता हूँ कि अनेक युवा भारत को देखने, समझने और जानने के लिए पैदल यात्रा, साइकिल यात्रा और ट्रेन यात्रा कर रहे हैं। जो दर्शाता है कि भारत का "जेन-जी" इस आधुनिक युग में "विकास भी और विरासत भी" के मंत्र के साथ अपनी ही परंपराओं को लेकर दृढता से आगे बढ़ रहा है।

इस "जेन-जी" की असली ताकत को पहचानने का काम सबसे पहले स्वामी विवेकानंद ने किया। उन्होंने कहा था कि "मेरा विश्वास युवा पीढ़ी पर है- आधुनिक पीढ़ी पर है। उन्ही में से मेरे कार्यकर्ता निकल कर आगे आयेंगे, जो सिंह के समान विश्व की सारी समस्यओं को सुलझा देंगे।₹ हम देखते हैं कि आजादी के आंदोलन में इसका प्रभाव बहुत अधिक देखने को मिला, कई प्रमुख क्रांतिकारियों जैसे भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, अरबिंदो घोष, भूपेंद्रनाथ दत्त और हेमचंद्र घोष जैसे नेताओं को स्वामी विवेकानंद के साहित्य और विचारों से प्रेरणा मिली।





**अपने जीवन को प्रेम की मधुर धुन बनाइए!**

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# ईरान में आर्थिक संकट के चरमराई व्यवस्था

ईरान की सड़कों पर फिर से सत्ता विरोधी हुंकार सुनाई देने लगी है। जगह-जगह विरोध प्रदर्शन और हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। हालात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दो सप्ताह के दौरान हिंसक झड़पों में अब तक पांच सौ से अधिक लोगों की मौत हो जाने और दस हजार से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेने का दावा किया जा रहा है।



इसी बीच ईरान का अमेरिका और इजराइल के साथ तनाव भी बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने तो यह चेतावनी भी दे डाली है कि अगर प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग किया गया, तो वह ईरान पर हमले की कार्रवाई करेगा।

सवाल है कि आखिर ईरान में लोगों का शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ सड़कों पर उतरने का कारण क्या है? विरोध प्रदर्शन का झंडा बुलंद करने वालों को कहना है कि लोग देश की आर्थिक बदहाली और बढ़ती महंगाई से त्रस्त हैं। वहीं, ईरान सरकार का आरोप है कि यह सब अमेरिका के इशारे पर हो रहा है, ताकि उनके देश को अस्थिर किया जा सके। ईरान में विरोध प्रदर्शनों पर एक सवाल यह भी उठ रहा है कि वहां की सरकार की ओर से आंतरिक मामलों को सुलझाने और जनता का भरोसा जीतने का समय रहते प्रयास क्यों नहीं किया गया?

इस मुल्क में ऐसे ही विरोध प्रदर्शन वर्ष 2022 में भी देखे गए थे, जब महसा अमीनी नामक एक महिला की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। महसा पर आरोप था कि उसने हिजाब के कानून को नहीं माना, जिस कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। इस घटना के बाद देश भर में महिलाएं सड़कों पर उतर आई थीं। इस बार भले ही मुद्दा अलग है, लेकिन विरोध प्रदर्शनों में पहले की तरह महिलाएं बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं।

तनाव बढ़ने के बाद कई शहरों में इंटरनेट पर पाबंदी लगा दी गई है, सड़कों पर सुरक्षाबल मोर्चा संभाले हुए हैं और इस दौरान हिंसक झड़पें भी हो रही हैं। इसी बीच सोमवार को सरकार समर्थक भी सड़कों पर उतर आए, जिससे हालात और बिगडने की आशंका है। ऐसे में ईरान सरकार को चाहिए कि अंदरूनी मसलों को सुलझाने के लिए सुरक्षा बलों की ताकत का सहारा लेने के बजाय शांतिपूर्ण तरीके से समाधान के रास्ते तलाशे जाएं।

दूसरी ओर ईरान में विरोध प्रदर्शनों को वहां के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को सत्ता से हटाने की कोशिशों से जोड़ कर भी देखा जा रहा है। इसके पीछे अमेरिका और इजराइल का हाथ होने की आंशका इसलिए जोर पकड़ रही है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में जारी एक बयान में कहा है कि ईरान की जनता आजादी चाहती है, जो उसने पहले कभी महसूस नहीं की। साथ ही प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग करने पर कार्रवाई की धमकी भी दी है।

इस पर ईरान ने भी चेतावनी दी है कि अगर हमला हुआ, तो अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। हालांकि दोनों देशों में बढ़ते तनाव के बीच फिलहाल राहत की बात यह कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने दावा किया कि ईरान वर्तमान हालात को लेकर बातचीत के लिए तैयार हो गया है। अब देखना होगा कि क्या ईरान कोई ऐसा रास्ता निकाल पाता है, जिससे विरोध प्रदर्शन खत्म हो जाएं और मौजूदा संकट भी टल जाए?

# 2010 में ऑर्डर किया था Nokia फोन, 16 साल बाद हुई डिलीवरी

**जरा हट के**

एक समय था जब मार्केट में नोकिया की अपनी अलग पहचान थी. जब स्मार्टफोन का दौर नहीं था और मोबाइल का क्रेज नया था, उस समय नोकिया का बोलबाला था. हालांकि, समय के साथ इसकी चमक फीकी पड़ती गई. आज बाजार में अलग-अलग ब्रांड्स ने अपनी धौंस जमा किसी ने नोकिया जैसा विश्वास जमाने में सफलता नहीं पाई.

इस बीच अब लीबिया से एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने एक बार फिर नोकिया की धाक जमा दी है. आपने अनबॉक्सिंग के कई वीडियोज देखे होंगे लेकिन लीबिया के एक मोबाइल स्टोर ने जो वीडियो शेयर किया, उसकी टक्कर में कोई नहीं है. इस स्टोर ने आज नहीं, बल्कि साल 2010 में नोकिया को मोबाइल के ऑर्डर दिए थे. उसके अगले ही साल से देश गृह युद्ध से घिर गया था. ऑर्डर देने वाला भी इसे भूल गया लेकिन नोकिया



को याद रहा. अब सोलह साल के बाद जब हालात थोड़े सुधरे तो कंपनी ने स्टोर में मोबाइल की डिलीवरी करवा दी.

जानकारी के मुताबिक, फोन का ऑर्डर 2010 में किया गया था. लेकिन 2011 से लीबिया गृह युद्ध की मार झेलने लगा. ऐसे में मोबाइल का ये ऑर्डर सोलह साल से वेयरहाउस में पड़ा था. अब जाकर इसे स्टोर में डिलीवर किया गया. ये ऑर्डर बटन वाले नोकिया फोन का था जिसमें फोन के बटन को लंबे समय तक दबाने से वो ऑन होता था. इस ऑर्डर को खोलते हुए दुकानदार की हंसी कंट्रोल नहीं हो रही थी. वो इसे ऐतिहासिक चीज बताता नजर आया. इसका वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर शेयर हुआ, वायरल हो गया.

नोकिया का ये मॉडल अपनी मजबूती के कारण जाना जाता था. आज के फोन जमीन पर गिरते ही खराब हो जाते हैं. क्रैक आ जाता है या कोई और समस्या आ जाती है. लेकिन नोकिया का ये मॉडल जल्दी खराब नहीं होता था. ऐसे में जैसे ही ये वीडियो शेयर हुआ, इसपर कमेंट आने शुरू हो गए. कई लोग इसे खरीदने में दिलचस्पी दिखाते नजर आए. सबसे बड़ी बात ये है कि स्टोर ने जब ये ऑर्डर प्लेस किया था, तब डिलीवरी स्पॉट मात्र कुछ किलोमीटर की दूरी पर ही था.

# हेल्दी पीनट चाट

**खाना-खजाना**

## सामग्री

**बेस के लिए:**

- मूंगफली: 1 कटोरी
- प्याज: 1
- टमाटर: 1
- हरी मिर्च: 1-2

**टॉपिंग:**

- पनीर: 10-12 छोटे चौकोर टुकड़े
- अनार के दाने: 2-3 बड़े चम्मच
- बारीक सेव: 2 चम्मच
- इमली की मीठी चटनी
- हरा धनिया

**मसाले:**

- चाट मसाला (1 चम्मच)
- काला नमक (स्वादानुसार)
- नींबू का रस

## बनाने की विधि

सबसे पहले एक बड़े बर्तन में मूंगफली, कटा हुआ प्याज, टमाटर और हरी मिर्च डालें। इसमें थोड़ा चाट मसाला, काला नमक और नींबू का रस डालकर अच्छे से मिला लें। यह आपका 'चाट बेस' तैयार हो गया।

अब इस मिश्रण को एक सुंदर से सर्विंग बाउल में निकाल लें।



इसके बाद, मिश्रण के ऊपर पनीर के टुकड़ों को रखें। ध्यान रखें, पनीर को मिक्स न करें, बल्कि ऊपर से सजाएं ताकि वे फोटो की तरह साफ दिखाई दें।

अब पनीर के बीच-बीच में अनार के दाने छिड़क दें। लाल अनार और सफेद पनीर का कॉम्बिनेशन बहुत सुंदर लगेगा।

इसके बाद, इमली की मीठी चटनी को चम्मच से सिर्फ पनीर के टुकड़ों के ऊपर हल्का-हल्का डालें। इससे पनीर फीका नहीं लगेगा और देखने में भी बढ़िया लगेगा।

आखिर में ऊपर से थोड़ी-सी बारीक सेव (भुजिया) बुरकें और बीच में हरे धनिये की पत्ती लगाकर गार्निश करें।

लीजिए, तैयार है आपकी रेस्टोरेंट स्टाइल पीनट-पनीर चाट। इसे तुरंत परोसें ताकि सेव कुरकुरी बनी रहे।

# खाना बनाते समय न करें ये गलतियां

## खाने का पोषण हो सकता है कम

हर दिन खाना बनाते समय हम सोचते हैं कि घर का बना खाना सेहतमंद होता है, लेकिन कई बार छोटी-छोटी आदतों के कारण हम अनजाने में अपने भोजन के पोषण को घटा देते हैं। आलू, चावल, लहसुन, ब्रॉकली, प्याज और टमाटर जैसी सब्जियों और अनाज को सही तरीके से न पकाने के कारण उनका पोषण कम हो जाता है।

इसलिए खाने के पोषण को बरकरार रखने के लिए खाना बनाते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। इससे खाने का स्वाद भी नहीं बिगड़ता और पोषण भी बना रहता है। आइए जानते हैं रोजमर्रा में कुकिंग के दौरान होने वाली कुछ आम गलतियों के बारे में।

## कुकिंग करते समय किन गलतियों से बचें?

आलू- अक्सर हम आलू को ज्यादा देर तक उबालते या डीप फ्राई करते हैं। इससे इसमें मौजूद विटामिन-सी, पोटैशियम और फाइबर की मात्रा कम हो जाती है। आलू को हल्का स्टीम करना या कम तेल में हल्का फ्राई करना चाहिए।

**चावल-** चावल को पकाने से पहले लंबे समय तक भिगोना या ओवरकुक करना पोषण के नष्ट होने का कारण बनता है। इससे चावल में मौजूद विटामिन बी-कॉम्प्लेक्स और मिनरल्स कम हो जाते हैं।

**सब्जियों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटना-** सब्जियों को



बहुत बारीक काटना या लंबे समय तक कटे हुए छोड़ देना उनके न्यूट्रिएंट्स को हवा और रोशनी के संपर्क में ला देता है। इससे विटामिन्स और एंटीऑक्सीडेंट्स जल्दी नष्ट हो जाते हैं। सब्जियों को बड़े टुकड़ों में काटें और तुरंत पकाएं।

**लहसुन-** लहसुन को अक्सर ब्राउन या काला होने तक तेल में भून लिया जाता है। इससे एलिसिन जैसे फायदेमंद तत्व नष्ट हो जाते हैं। हल्का तड़का लगाना या सलाद में कच्चा लहसुन इस्तेमाल करना ज्यादा फायदेमंद है।

**ब्रॉकली-** ब्रॉकली को ज्यादा देर तक उबालने या ढककर पकाने से विटामिन-सी और अन्य एंटीऑक्सीडेंट्स कम हो जाते हैं। हल्का स्टीम करना और तुरंत परोसना सबसे अच्छा तरीका है।

**प्याज-** प्याज को ज्यादा देर तक भूनने से इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन-सी कम हो जाते हैं। हल्का सुनहरा होने तक ही भूनें। इसके अलावा, प्याज को टुकड़ों में काटकर तुरंत इस्तेमाल करना पोषण बनाए रखता है।

**बचे हुए खाने को बार-बार गर्म करना-** खाना बार-बार गर्म करने से उसमें मौजूद विटामिन्स और मिनरल्स धीरे-धीरे खत्म हो जाते हैं। इसलिए उतना ही खाना बनाएं जितना खाया जाएगा और बचे हुए खाने को ज्यादा समय तक स्टोर न करें।

**टमाटर-** टमाटर में लाइकोपीन और विटामिन-सी पाए जाते हैं। लंबे समय तक पकाने पर विटामिन-सी नष्ट हो जाता है। हल्का पकाना या सलाद में कच्चा टमाटर इस्तेमाल करना पोषण बनाए रखता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ** : पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**मिथुन** : दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कर्क** : भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा।

**सिंह** : घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या** : यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

**तुला** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**धनु** : नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा। जोखिम न उठाएं।

**मकर** : किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

**कुंभ** : स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

**मीन** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।


-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# फायदे ही नहीं, नुकसान भी पहुंचा सकती है मूंगफली



## किन 5 लोगों को रहना चाहिए सावधान

मूंगफली स्वाद में इतनी लाजवाब होती है कि चाय के साथ या सिर्फ स्नैक के रूप में हर कोई इसे खाना पसंद करता है। यह सस्ता, स्वादिष्ट और प्रोटीन से भरपूर होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये टेस्टी नट हर किसी के लिए सुरक्षित नहीं होती? कुछ लोगों के लिए मूंगफली हानिकारक साबित हो सकती है। आइए जानें किन लोगों को मूंगफली खाने से बचना चाहिए।



## एलर्जी वाले लोग

मूंगली से एलर्जी सबसे आम समस्या है। इसे खाने से स्किन पर दाने, खुजली, दस्त व सांस लेने में परेशानी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए अगर आपको पहले कभी मूंगफली खाने के बाद रैश या सूजन हुई है, तो इसे अपनी डाइट से हटा दें।

## वजन कम करने वाले लोग

मूंगफली प्रोटीन, फैट और फाइबर का अच्छा स्रोत है, लेकिन इसे ज्यादा मात्रा में खाना वजन बढ़ने का कारण बन सकता है। इसलिए अगर आप वजन कम करना चाहते हैं या मोटापे से परेशान हैं, तो मूंगफली सीमित मात्रा में ही खाएं।

## हाई ब्लड प्रेशर वाले लोग

अगर आप हाई ब्लड प्रेशर के मरीज हैं, तो आपको मूंगफली खाने से बचना चाहिए। वैसे तो मूंगफली में सोडियम की मात्रा कम होती है, लेकिन नमक के साथ मूंगफली खाना हाई ब्लड प्रेशर का कारण बन सकता है। अगर आपको बीपी की समस्या है, तो मूंगफली के साथ नमक न खाएं।

## सूजन वाले लोग

मूंगफली में ओमेगा-6 की मात्रा ज्यादा होती है, लेकिन ओमेगा-3 की कम होती है, इसलिए इसके कारण शरीर में हेल्दी फैटी एसिड्स असंतुलित हो सकते हैं और सूजन हो सकती है।

## मिनरल्स के अब्जॉर्प्शन में रुकावट

मूंगफली सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है, लेकिन शरीर में मिनरल्स के अब्जॉर्प्शन को ब्लॉक कर सकती है। इसमें पाया जाने वाला फाइटिक एसिड जिंक, आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम के अब्जॉर्प्शन को रोकता है। साथ ही, इससे आंतों में जलन और एलर्जी भी हो सकती है।

# दूध पर नहीं जमती मलाई की मोटी परत?

दूध पर जमी मोटी मलाई न सिर्फ स्वाद बढ़ाती है, बल्कि घर पर घी निकालने के भी काम आती है। लेकिन अक्सर शिकायत रहती है कि पैकेट वाले दूध में मलाई बहुत पतली जमती है। अगर आपके साथ भी यही समस्या है, तो यह आर्टिकल आपके लिए ही है। आज हम आपको दूध में मोटी मलाई लाने के कुछ असरदार टिप्सबताने जा रहे हैं, जिससे आपको काफी मदद मिलेगी।

## फुल क्रीम दूध चुनें

दूध में मलाई उसके फैट के कारण जमती है। अगर आप टोंड या डबल टोंड दूध इस्तेमाल करते हैं, तो उसमें मलाई कम ही जमेगी। इसलिए अगर मोटी मलाई चाहिए, तो हमेशा फुल क्रीम दूध का इस्तेमाल करें। अगर गाय या भैंस का दूध हो, तो यह और भी अच्छा है।

## दूध को धीमी आंच पर उबालें

अगर आप भी जल्दी में दूध को तेज आंच पर उबाल देते हैं, तो इससे दूध उफन जाता है, लेकिन उस पर मलाई बनने से पहले ही टूट जाती है। दूध को हमेशा धीमी आंच पर ही उबालें। धीरे-धीरे उबालने से दूध का फैट ऊपर की तरफ इकट्ठा होने लगता है, जिससे मलाई की मोटी लेयर बनती है।

## उबालने के बाद दूध को न हिलाएं

दूध को चलाने या दूसरे बर्तन में डालने से उस पर बनने वाली मलाई टूट जाती है। इसलिए दूध को उबालने के बाद जरा भी न हिलाएं और दूध को उसी बर्तनमें ठंडा होने दें।

## ठंडा करने का बेस्ट तरीका

गर्म दूध को सीधे फ्रिज में रखने से मलाई ठीक से नहीं जमती। पहले दूध को कमरे के तापमान पर आने दें, फिर फ्रिज में रखें। धीरे-धीरे ठंडा होने से मलाई अच्छी तरह जमती है और परत मोटी बनती है।

## दूध ढकने का सही तरीका

दूध को पूरी तरह ढककर रखने से भाप अंदर ही रह जाती है, जिससे मलाई पतली हो सकती है। इसलिए दूध के बर्तन के ऊपर जाली वाली प्लेट रखें या हल्का सा ढककर रखें। साथ ही, दूध उबालने के लिए भारी तले वाले स्टील के बर्तन का इस्तेमाल करें, जिससे दूध बराबर गरम हो और मलाई अच्छे से बने।

*उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.*

## खबरें गांव की...

### बड़े पैमाने पर गोकशी का खुलासा, अवशेषों का जखीरा मिला, इंस्पेक्टर समेत चार सस्पेंड

**कानपुर.** यूपी के कानपुर के बिल्हौर में बड़े पैमाने पर हो रही गोकशी का भंडाफोड़ हुआ है। गोवंश के अवशेषों का जखीरा मिलने से हड़कंप मच गया। बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ताओं ने घेराव कर जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ता भड़क गए। उन्होंने गांव के ही तीन लोगों पर गोकशी का आरोप लगाते हुए उनकी दो गाड़ियों में तोड़फोड़ की। मामले की गंभीरता देख आला अफसर ने चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। इससे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बजरंग दल और विहिप कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। हालांकि लाइव हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। आशुतोष कुमार मौके ने मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस कमिश्नर ने प्रथम दृष्टया लापरवाही पाते हुए बिल्हौर थाना प्रभारी अशोक सरोज, चौकी इंचार्ज प्रेमवीर सिंह, दरोगा आफताब आलम, सिपाही दिलीप कुमार गंगवार को सस्पेंड कर दिया। पुलिस के मुताबिक रहमान, लालबाबू और शाकिर का नाम सामने आ रहा है। वहीं, शाकिर का तंबाकू गोदाम सील किया गया। साथ ही तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

### यूपी में बाघ की दहशत, चारा लेने गई महिला को खींच ले गया टाइगर, ग्रामीण पर भी किया हमला

**लखीमपुर खीरी.** यूपी के लखीमपुर खीरी में बाघ के हमले से एक बार फिर दहशत फैल गई। खेत पर चारा लेने के गए दो लोगों पर बाघ ने हमला कर लिया। पहली घटना में झांड़ियों के अंदर छिपकर शिकार ढूंढ रहे बाघ ने ग्रामीण पर हमला बोल दिया तो वहीं दूसरी जगह चारा लेने गई महिला को बाघ खींच ले गया। ग्रामीण बाघ के हमले से घायल हो गया, जिसे पलिया सीएचसी ले जाया गया। लेकिन महिला का अभी तक कहीं कुछ पता नहीं चला गया। वन विभाग की टीम बाघ और महिला की तलाश में जुटे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेला कलां गांव निवासी 60 वर्षीय वाजिद अली पुत्र रुस्तम शनिवार दोपहर के समय चारा लेने खेत की ओर गए थे। इसी दौरान अचानक झाड़ियों से निकले बाघ ने उन पर हमला कर दिया। बाघ के नाखूनों के पंजे वाजिद अली के हाथ और पीठ में लगे हैं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, तब तक बाघ जंगल की ओर भाग गया। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से घायल वाजिद अली को तत्काल इलाज के लिए पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। बाघ के हमले के बाद लोग किसी तरह हल्ला मचाया और ट्रैक्टर का साइलेंसर निकाल कर खूब शोर मचाया। तब जाकर किसी तरह बाघ उसे छोड़कर गन्ने के खेतों की तरफ भाग गया।

### सांप को बंधक बनाकर अस्पताल पहुंचा शख्स

**मथुरा.** मथुरा में अजब-गजब कारनामे देखने को मिलते ही रहते हैं। लेकिन जिला अस्पताल की इमरजेंसी में जो हुआ, उसने सबको दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। यहां एक ई-रिक्शा चालक को सांप ने क्या डसा, उसने बदला लेने के बजाय सांप को ही 'गिरफ्तार' कर लिया और उसे अपने जैकेट रखकर अस्पताल पहुंच गया। डॉक्टर के सामने सांप को निकाला तो उसका फन देख सभी के होश उड़ गए। डॉक्टर ने सांप को पहले कहीं छोड़कर आने को कहा तो बीच गुस्सा गया और बीच सड़क ई-रिक्शा खड़ा कर हंगामा मचा दिया। ट्रैफिक वाले ने भी हटने को कहा तो सांप निकालकर दिखा दिया। किसी तरह उसे समझाया जा सका। महर्षि दयानंद सरस्वती जिला अस्पताल की इमरजेंसी में सब कुछ सामान्य चल रहा था, तभी शिवाजी नगर निवासी दीपक (ई-रिक्शा चालक) की एंट्री हुई। दीपक ने अपने जैकेट के अंदर से एक सांप को निकाला और डॉक्टर से कहा कि इसी ने मुझे काटा है।

# अब 10 मिनट में नहीं मिलेगी डिलीवरी

- गिग वर्कर्स के लिए सरकार ने हटाई टाइम लिमिट वाली शर्त




**नई दिल्ली.** देशभर के गिग वर्कर्स की हड़ताल का एक बड़ा असर हुआ है। अब आमलोगों को 10 मिनट के अंदर डिलीवरी की सुविधा नहीं मिल सकेगी। सरकार ने डिलीवरी ब्यॉज की सुरक्षा को देखते हुए इस टाइम लिमिट की शर्त हटा दी है। श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया के हस्तक्षेप के बाद क्विक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट ने अपने सभी ब्रांड से 10 मिनट में डिलीवरी का दावा हटा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, क्विक कॉमर्स कंपनी Blinkit जल्द ही अपने विज्ञापनों और प्रचार सामग्री से भी '10 मिनट में डिलीवरी' का दावा हटाने जा रही है।

ब्लिंकिट के बाद बाकी अन्य कंपनियों की ओर से भी जल्द ही इस तरह का ऐलान किया जा सकता है। केंद्रीय श्रम मंत्री ने ब्लिंकिट के अलावा जेप्टो, स्विगी और जोमैटो जैसी कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी बात की है और उन्हें भी डिलीवरी ब्यॉज की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। यह फैसला सरकार के हस्तक्षेप और डिलीवरी कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बाद लिया गया है।

#### डिलीवरी धीमी नहीं होगी

सूत्रों ने बताया कि '10 मिनट डिलीवरी' का टैग हटाने का मतलब यह नहीं है कि अब डिलीवरी देर से होगी। बल्कि कंपनियां अब अपने प्रचार में निश्चित समय का वादा करने से बचेंगी, ताकि कर्मचारियों पर असुरक्षित तरीके से काम करने का दबाव न बने। विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला क्विक कॉमर्स सेक्टर में एक बड़ा बदलाव दिखाता है, जहां प्रतिस्पर्धा के बावजूद अब कर्मचारी सुरक्षा और नियामक चिंताओं को अधिक महत्व दिया जा रहा है।

डिलीवरी ब्यॉज पर अनावश्यक दबाव और बोझ

केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने इस मामले में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने Blinkit, Zepto, Swiggy और Zomato जैसी बड़ी कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठकें कीं और उनसे कहा कि वे अपने **ब्रांड प्रचार में तय समय सीमा वाली डिलीवरी का उल्लेख न करें। सरकार की चिंता यह है कि बहुत कम समय में डिलीवरी का वादा डिलीवरी कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव डाल सकता है और उनकी सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है। बता दें कि गिग वर्कर्स के संगठन ने इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की स्थितियों, डिलीवरी के दबाव और सोशल सिक्योरिटी की कमी जैसे मुद्दे उठाए थे।

# गुजरात में पतंगबाजी के लिए छतें किराए पर

- मकर संक्रांति पर छतों का किराया 20 हजार से डेढ़ लाख रुपए तक
- पतंगें, खाना-पीना साथ में

गुजरात में मकर संक्रांति का मतलब है पतंगबाजी। राज्य में पतंगबाजी की तैयारियां एक-दो महीने पहले से ही शुरू हो जाती हैं। इसके चलते पिछले कुछ वर्षों में 'टेरेस टूरिज्म' का चलन भी शुरू हो गया है। इस साल भी अहमदाबाद के पोल, खाडिया और रायपुर इलाकों में सभी ऊंची छतें बुक हो चुकी हैं। छतों का किराया 20 हजार से डेढ़ लाख रुपए तक जा पहुंचा है। ओल्ड अहमदाबाद में रहने वाले बड़ी संख्या में लोग अब विदेशों में बस गए हैं। इसलिए ये पतंगबाजी के साथ अपनी पुरानी यादें ताजा करने हर साल यहां आते हैं। दरअसल, रायपुर इलाके में शहर का सबसे बड़ा पतंग मार्केट भी है।

#### छतों के साथ गुजराती व्यंजनों का लुत्फ भी

इस मौके पर हमने पोल इलाके में रहने वाले अजय मोदी से बात की। उन्होंने बताया कि इस साल उनके यहां पंजाब से एक फैमिली आ रही हैं। वहीं, कई एनआरआई ने भी इलाके में छतें किराए पर ले चुके हैं। इस साल किराया 15 हजार से डेढ़ लाख रुपए तक पहुंच गया है।

# कुत्ते को पत्थर मारकर हिंसक बनाया

**सुप्रीम कोर्ट में पीड़िता ने किया डॉग का बचाव**



**नई दिल्ली.** स्ट्रे डॉग्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट में आखिरी सुनवाई जारी है। मंगलवार को अदालत में कुत्ते के काटने का शिकार हुई एक महिला भी पहुंचीं, जिन्होंने जानवरों के हमले का बचाव किया। उन्होंने कहा कि कुत्ते के साथ बुरी तरह से क्रूरता की गई थी, जिसके चलते उसने हमला किया। साथ ही उन्होंने डॉग्स को काबू करने के उपाय भी सुझाए हैं।

सुनवाई के दौरान कोर्ट पहुंचीं पीड़ित महिला ने कहा कि उन्हें भी कुत्ते ने काट लिया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद वह इस हमले की वजह का पता करने निकल गईं थीं।

बार एंड बेंच के अनुसार, महिला ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, 'मैं मानती हूं कि उचित तरीके से ABC लागू करने से कुत्तों की आबादी और आक्रामकता कम होगी। मुझे एक कुत्ते ने काट लिया था। मैं जानना चाहती थी कि आखिर कुत्ते ने मुझे बगैर किसी उकसावे के क्यों काटा। उस कुत्ते के साथ लंबे समय से क्रूरता की जा रही थी। लातें मारी जा रही थीं, पत्थर मारे जा रहे थे आदि।'

उन्होंने आगे कहा, 'उसे डर के जवाब में बचाव वाली आक्रामकता दिखाई। मैंने किसी और की हरकतों के कारण ये झेला। एक कुत्ते में आक्रामकता कैसे आती है। एक मिलनसार कुत्ते के साथ क्रूरता करने से उसके मन में डर पैदा होता है। डर बचाव में आक्रामकता को जन्म देता है।'

### लड़कियों को पढ़ाते नहीं, घर का काम कराते हैं

#### उत्तर भारतीयों पर दयानिधि मारन के विवादास्पद बोल

डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने उत्तर भारतीयों को लेकर एक विवादास्पद बयान दिया है। दयानिधि मारन ने कहा है कि उत्तर भारत में लड़कियों को घर में रोक लिया जाता है। उनसे घरेलू काम कराए जाते हैं। उन्हें नौकरी नहीं करने दिया जाता है। वो बस घर में रहती हैं और किचन का काम करती हैं। वहीं, दक्षिण भारत में हम लड़कियों को पढ़ने और करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। दयानिधि मारन ने यह बातें चेन्नई के कैद-ए-मिल्लत महिला विद्यालय में बोलते हुए कहीं। डीएमके नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन लड़कियों की शिक्षा की सुनिश्चित करने के लिए द्रविड़ सिद्धांतों के अनुकूल व्यवस्था करने में जुटे हैं।

दयानिधि मारन ने कहा कि हमारे यहां की छात्राओं को गर्व होना चाहिए। हमें भी उनके ऊपर गर्व है। इसीलिए हम चाहते हैं कि वह पढ़ें। इसके बाद उन्होंने उत्तर भारत का जिक्र करते हुए ऐसी बात कही, जिस पर विवाद हो सकता है। डीएमके सांसद ने कहा कि उत्तर भारत में लड़कियों को नौकरी नहीं करने दिया जाता है।

# भाजपा के दफ्तर पहुंचा चीन का डेलिगेशन

- गलवान के बाद पहली मुलाकात




**नई दिल्ली.** चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को भाजपा के मुख्यालय पहुंचा। 2020 में गलवान घाटी में हुए खूनी संघर्ष के बाद यह पहला मौका था, जब चीन के एक मात्र राजनीतिक दल का प्रतिनिधिमंडल भारत की सत्ताधारी पार्टी से संवाद के लिए पहुंचा। चीनी डेलिगेशन का नेतृत्व सुन हाइयान कर रहे थे, जो कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के अंतरराष्ट्रीय विभाग के वाइस मिनिस्टर हैं। उनके साथ चीनी डेलिगेशन के भाजपा दफ्तर पहुंचने की जानकारी बीजेपी के विदेश मामलों के विभाग के प्रभारी विजय चौथाइवाले ने एक्स पर दी। उन्होंने बताया कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के डेलिगेशन के साथ इस बात को लेकर चर्चा हुई कि कैसे संवाद को बढ़ाया जा सकता है।

इस दौरान चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से वार्ता का नेतृत्व भाजपा की ओर से महासचिव अरुण सिंह ने किया। इस बैठक में भारत में चीन के राजदूत शू फेइहॉन्ग भी मौजूद थे। अरुण सिंह ने भी इस बैठक की जानकारी एक्स पर दी है। उन्होंने लिखा, 'आज भाजपा दफ्तर में सुन हाइयान की लीडरशिप में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का डेलिगेशन आया। इस बैठक के दौरान हमने चर्चा की कि कैसे भाजपा और सीपीसी के बीच संवाद को बढ़ाया जा सकता है।' ऐतिहासिक रूप से भाजपा और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के बीच एक औपचारिक संवाद वर्ष 2000 से ही जारी रहा।

हालांकि इसका सिलसिला बीच-बीच में बाधित भी हुआ है। खासतौर पर गलवान में हुई झड़प के बाद दोनों देशों के बीच जो तनाव पैदा हुआ था, उसके 6 साल बाद ऐसी कोई औपचारिक मीटिंग हुई है। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच संबंधों में सहजता अक्तूबर 2024 के बाद से आई है। जब पीएम नरेंद्र मोदी की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से रूस के कजान में मुलाकात हुई थी। इस मीटिंग के बाद लद्दाख में सेना भी दोनों देशों ने कम की है। इसके अलावा कूटनीतिक स्तर पर संवाद भी शुरू हुआ है। दरअसल बीजिंग से संवाद को लेकर भारत की राजनीति में भी पसोपेश की स्थिति रही है।

# 'राज्यसभा की सीट खाली कर रहा हूं'

- तीसरी बार उच्च सदन नहीं जाएंगे
- एमपी में फुल टाइम एक्टिव होंगे; अब रेस में 5 नेता



**भोपाल.** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के सीनियर लीडर दिग्विजय सिंह का राज्यसभा का कार्यकाल तीन महीने बाद 9 अप्रैल को खत्म हो रहा है। वे दूसरी बार के राज्यसभा सांसद हैं। अब तीसरी बार राज्यसभा नहीं जाएंगे। दिग्विजय सिंह ने खुद इस बात पर मुहर लगाई है।

भोपाल के समन्वय भवन में मंगलवार को दिग्विजय सिंह से पूछा- कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने आपको पत्र लिखकर अनुसूचित जाति वर्ग के नेता को राज्यसभा भेजने की मांग की है, आपकी क्या राय है?

इस पर दिग्विजय सिंह ने कहा- ये मेरे हाथ में नहीं है। पार्टी निर्णय करती है। लेकिन एक बात मैं कहना चाहता हूं कि मैं अपनी सीट खाली कर रहा हूं।


#### प्रदेशभर का दौरा करेंगे

सूत्रों की मानें तो दिग्विजय सिंह ने पार्टी नेतृत्व को भी इस बात से अवगत करा दिया है। अब राज्यसभा के लिए पांच वरिष्ठ नेता रेस में बताए जा रहे हैं। प्रदेश में 2028 में विधानसभा के चुनाव होने हैं। सूत्र बताते हैं कि दिग्विजय ने पार्टी आलाकमान से कहा है कि वे एमपी में ही पूरा टाइम देना चाहते हैं। इस साल मई से अगले ढाई साल यानी कि विधानसभा चुनाव तक अलग-अलग चरणों में एमपी के दौरे करके कांग्रेस की जमीन तैयार करेंगे। सूत्रों की मानें तो दिग्विजय बड़ी सभाओं और भीड़ वाले कार्यक्रमों के बजाय छोटी बैठकें विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर करने पर विचार कर रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट बोला-कुत्ते के काटने पर भारी मुआवजा तय होगा

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा, 'बच्चों या बुजुर्गों को कुत्तों के काटने, चोट लगने या मौत के हर मामले में हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा दिलवाएंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले 5 सालों में नियमों को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया।'

कोर्ट ने कहा, 'आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। ये कुत्ते सड़कों पर क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं। उन्हें हम ऐसे ही नहीं छोड़ सकते।'




# बांग्लादेश को भारत में ही T20 वर्ल्डकप खेलना होगा



- ICC ने वेन्यू बदलने की मांग खारिज की
- कहा– हमने जांच की, भारत में कोई खतरा नहीं

**मुंबई.** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) की टी-20 वर्ल्ड कप के वेन्यू बदलने की मांग खारिज कर दी है। ICC ने साफ किया कि वर्ल्ड कप के शेड्यूल में कोई बदलाव नहीं होगा। न्यूज एजेंसी ANI ने X पर ICC के हवाले से यह खबर दी। हालांकि, बाद में इस पोस्ट को डिलीट किया और ICC सूत्रों के हवाले से यह जानकारी देते हुए दूसरा पोस्ट किया। ANI के अनुसार ICC ने इंटरनेशनल एक्सपर्ट की जांच में पाया कि बांग्लादेश टीम और अधिकारियों को भारत में कोई खतरा नहीं है। खासतौर पर कोलकाता और मुंबई में बांग्लादेश के तय मुकाबलों को लेकर जोखिम को सुरक्षा इंतजामों से संभाला जा सकता है।

#### वर्ल्ड कप पर ICC का नजरिया

शेड्यूल तय, कोई बदलाव नहीं होगा ICC ने कहा कि T20 वर्ल्ड कप 2026 का मैच शेड्यूल पहले ही जारी किया जा चुका है और सभी भाग लेने वाली टीमों से नियमों के तहत अपनी जिम्मेदारियां निभाने की उम्मीद है। ICC ने यह भी दोहराया कि उसकी स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। खतरे को लेकर मीडिया रिपोर्ट्स खारिज ICC ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने कंटिन्जेंसी प्लानिंग (आपात योजना) को वास्तविक खतरे के रूप में पेश किया, जो सही नहीं है। संभावित परिस्थितियों पर पहले से योजना बनाना एक सामान्य और पेशेवर प्रक्रिया है, ताकि हर स्थिति के लिए तैयारी रहे, भले ही उसकी संभावना बहुत कम क्यों न हो।

# घुसपैठियों की खैर नहीं

- NIA ने अवैध बांग्लादेशी मामले की जांच अपने हाथ में ली

**नई दिल्ली.** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ मामले की जांच को अपने हाथ में ले लिया है, जो अब तक दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के पास थी। मंगलवार को अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने पिछले सप्ताह दिल्ली पुलिस से यह मामला ट्रांसफर कर लिया और जांच शुरू कर दी है। एजेंसी ने मामले में एक नया FIR भी दर्ज किया है। गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह कदम उठाया गया है, ताकि अवैध प्रवास को ऑपरेट करने वाले नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई हो सके। ये नेटवर्क राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के दौरान 2 एफआईआर दर्ज किए थे, जिसमें इस घुसपैठ के पीछे एक गहरी साजिश होने का दावा किया गया था। दिल्ली पुलिस की जांच में कई अहम पहलुओं पर फोकस किया गया था, जैसे भारत में अवैध तरीके से प्रवेश के रूट, जाली पहचान दस्तावेज तैयार करने वाले सिंडिकेट, घुसपैठियों को ठहरने की व्यवस्था मुहैया कराने वाले लोग और उनके लिए रोजगार दिलाने वाले एजेंट। पुलिस ने इस संगठित गिरोह की पूरी संरचना को उजागर करने और विभिन्न स्तरों पर शामिल प्रमुख ऑपरेटिव्स की पहचान करने की कोशिश की थी।

# रालोद के प्रदेश सचिव को उनके भतीजे ने मारी गोली

**बाराबंकी.** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के कुर्सी क्षेत्र में संपत्ति विवाद को लेकर राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश सचिव अफसर अली को उनके ही भतीजे ने गोली मार दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि अली को गंभीर हालात में लखनऊ के राम मनोहर लोहिया में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत नाजुक है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अफसर अली अपने गांव लोहराहर के पड़ोस में स्थित एक गांव में किसी परिचित के निधन पर अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। उन्होंने बताया कि वहां से लौटने के बाद अली गांव की एक दुकान के पास ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे तभी उनका सगा भतीजा उबैद वहां पहुंचा और तमंचे से उन पर गोली चला दी। गोली के छर्रे सीने में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्होंने बताया कि परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। फतेहपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी जगतराम कनौजिया ने घटनास्थल का निरीक्षण किया.

## संक्षेप...

### चुनाव प्रचार में उतरे भोजपुरी स्टार

**ठाणे.** ठाणे मुंबई के उत्तरभारतीय बहुल इलाकों में बीजेपी शिवसेना उम्मीदवारों के प्रचार के लिए अंतिम चरण में भोजपुरी स्टार वोट मांगते नजर आए।

ठाणे के उत्तरभारतीय बहुल इलाके इंदिरानगर के प्रभाग क्रमांक 15 के बीजेपी शिवसेना आरपीआई महायुती के उम्मीदवार अमित सरैया, सुरेश कांबले, अनिता दयाशंकर यादव एवं यज्ञा भोईर के समर्थन में भोजपुरी स्टार पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, अभिनेत्री आम्रपाली दुबे ने सभा को संबोधित किया। निरहुआ ने कहा कि मुम्बई एमएमआर का विकास सिर्फ बीजेपी महायुती ही कर सकती है।

# भाजपा-शिवसेना के बीच बवाल

## बीजेपी प्रत्याशी के पति ओमनाथ नाटेकर पर जानलेवा हमला

### घटना के विरोध में भाजपा का मूक मोर्चा




**कल्याण-** डोंबिवली के तुकाराम नगर में सत्ताधारी भाजपा और शिवसेना (शिंदे) के बीच जमकर बवाल और मारपीट हुई। शिवसेना प्रत्याशी और उनके कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा प्रत्याशी आर्या नाटेकर के पति ओमनाथ नाटेकर पर जानलेवा हमला किए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। गंभीर अवस्था में घायल ओमनाथ नाटेकर का उपचार डोंबिवली के एम्स अस्पताल में चल रहा है। वहीं शिंदे सेना के प्रत्याशी नितिन पाटील भी घायल होने की जानकारी सामने आई है। डोंबिवली पैनल नंबर 29 में भाजपा और शिवसेना (शिंदे) के बीच मित्रतापूर्ण लड़ाई हो रही थी। इस पैनल में दोनों दलों ने अपने चार-चार प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। शिंदे सेना के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि रात 10 बजे आचार संहिता लगने के बाद भाजपा के कार्यकर्ता एक सोसायटी में प्रचार कर रहे थे। जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि चुनाव प्रचार नहीं बल्कि, आगामी माघी गणेशोत्सव को लेकर एक गणेश मंडल के साथ बैठक आयोजित की गई थी। एसीपी सुहास हेमाडे के अनुसार घटना में पुलिस ने अभी तक 5 लोगों को हिरासत में लिया है। आपको बतादें कि इस विवाद की शुरुआत तब हुई जब दो दिन पहले शिवसेना प्रत्याशी नितिन पाटील ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर मतदाताओं को पैसे बाटने का आरोप लगाया।

### भाजपा और स्थानिक नागरिकों का मूक मोर्चा-

बीती रात भाजपा पदाधिकारी ओमनाथ नाटेकर पर हुए हमले के विरोध में आज भाजपा और तुकाराम नगर के स्थानिक रहिवासियों ने मूक मोर्चा निकालकर घटना का विरोध किया। मतदान से दो दिन पहले हुई इस घटना ने डोंबिवली का राजनीतिक पारा गर्म कर दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस जांच में जुटी है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष नंदू परब और कार्यकर्ताओं ने घटना का विरोध व्यक्त करते हुए हमला करने वाले शिवसेना प्रत्याशी को गिरफ्तार करने की मांग की।

# प्रभाग-21 में सीटी प्रत्याशियों की प्रचार रैली में उमड़ी भीड़

### विरोधियों के उड़े होश



**भिवंडी.** मनपा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन सभी उम्मीदवारों ने अपनी पूरी ताकत झोंककर मतदाताओं से समर्थन की अपील की.मनपा प्रभाग 21के विकास को मूर्तरूप देने उतरे जयहिंद सेना (सीटी) के अधिकृत प्रत्याशी श्याम नारायण भोईर, दक्षता नीलेश भोईर, सिद्धि विवेक पाटिल, विराज साईनाथ पवार द्वारा क्षेत्र में विशाल रैली निकालकर मतदाताओं से क्षेत्रीय विकास का वादा कर समर्थन मांगा गया. प्रचार रैली जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर महाराणा प्रताप चौक,टोरेंट पावर, ग्रेनेट सोसाइटी, कामतघर गांव, शिवसेना शाखा,मंगल भवन, चौधरी कंपाउंड,भवानी नगर, चंदन बाग, साईं प्रसन्न सोसाइटी, अजमेर नगर,पटेल कंपाउंड तक निकाली गई. क्षेत्रीय मतदाताओं के समर्थन की खातिर निकाली गई प्रचार रैली में हजारों की संख्या में समर्थक शामिल होकर समर्थन की मुहर लगाई. प्रचार रैली में उमड़ी भारी भीड़ से विरोधियों को भी सीटी निशान से चुनाव लड़ रहे जयहिंद सेना के अधिकृत पैनल प्रत्याशियों की जीत के आसार दिखाई पड़ने लगे है. चुनाव प्रचार को देखकर ही मतदान के पूर्व ही विरोधियों के हौंसले पस्त होने दिखाई पड़ रहे हैं. चुनाव प्रचार रैली में समाजसेवक पूर्व पार्षद साईंनाथ पवार,धर्मराजा संस्था प्रमुख कार्य सम्राट हैट्रिक पार्षद निलेश चौधरी सहित क्षेत्र की तमाम गणमान्य हस्तियों ने मतदाताओं से चुनाव निशान सीटी पर मतदान कर क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करने की अपील की. कार्यसम्राट पूर्व पार्षद, धर्मराजा प्रमुख निलेश हरिश्चंद्र चौधरी ने विरोधी प्रत्याशियों पर करारा तंज कसते हुए कहा कि,अनेक वर्षों से नगरसेवक रहने के बाद भी प्रभाग 21में मूलभूत समस्याओं से नागरिक जूझ रहे हैं. जनता सब कुछ जान समझ चुकी है. प्रबुद्ध वोटर अब किसी के बहकावे में नहीं आकर क्षेत्रीय विकास की खातिर सीटी निशान की बटन ही दबाकर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करेंगे. आगामी 16 जनवरी को सीटी निशान प्रत्याशी बहुमत से जीतकर क्षेत्र का विकास करेंगे. कई प्रबुद्ध वोटरों की माने तो,सीटी चुनाव चिन्ह से विकास एजेंडे को लेकर मैदान में उतरे प्रत्याशियों के प्रचार में धर्मराजा संस्था प्रमुख पूर्व पार्षद निलेश चौधरी एवं क्षेत्र के प्रखर समाजसेवी साईं नाथ पवार द्वारा जोरशोर से प्रचार किए जाने का भारी असर दिखाई पड़ने से जीत की राह आसान हो चुकी है.

# पैनल 11 में होगी परिवर्तन की लहर -भाजपा



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 11 में भाजपा उम्मीदवार प्रवीण किशनानी, रवि जग्यासी, कविता पंजाबी व प्रीति माखीजा चुनावी मैदान में है। विधायक कुमार आयलानी, पूर्व नगरसेवक गोधूमल किशनानी व भाजपा नेता राजू जग्यासी, लाल पंजाबी की मौजूदगी में कल पैनल में भव्य प्रचार रैली निकली जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। जहां विधायक कुमार आयलानी ने कहा कि इस बार इस पैनल में परिवर्तन की लहर होगी और यहां पर कमल खिलेगा। सरकारी योजनाओं का लाभ जो शहरवासी ले रहे हैं उसका लाभ इस पैनल तक नहीं पहुंच पा रहा है लेकिन भाजपा के उम्मीदवारों ने यह वादा किया है कि हर घर में सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके उसके लिए हम कार्य करेंगे।

युवा नेता प्रवीण किशनानी के नेतृत्व में इस पैनल में भाजपा की लहर है। यहां साई पक्ष के उम्मीदवार उन्हें टक्कर दे रहे हैं।

# निष्पक्ष आम चुनाव 2025-26 के लिए मनपा प्रशासन पूरी तरह तैयार

**ठाणे.** मनपा आम चुनाव आयुक्त और चुनाव अधिकारी सौरभ राव के मार्गदर्शन में 15 जनवरी 2026 को होने वाले चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।मनपा क्षेत्र के 33 वार्डों में मल्टी-मेंबर पैनल तरीके से चुनाव हो रहे हैं और मतदाताओं को वार्ड 1 से 28 और 30 से 33 में A, B, K, D जैसी 4 सीटों और वार्ड नंबर 29 में A, B, C जैसी 3 सीटों के लिए वोट करना है।आयुक्त ने चुनाव के हर चरण के काम का रेगुलर रिव्यू किया है और फिजिकल इंस्पेक्शन भी किया गया है। चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त मुख्य चुनाव अधिकारी पी.वेलरासु, चुनाव निरीक्षक समीक्षा चंद्राकर भी कड़ी निगरानी रख रहे हैं। ठाणे मनपा क्षेत्र में कुल 16,49,869 मतदाता हैं, जिनमें से 8,63,878 पुरुष और 7,85,830 महिलाएं और 159 अन्य मतदाता हैं। चुनावों के लिए 9 प्रभाग समिति में 11 निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हैं और चुनाव सामग्री वहीं से वितरित और एकत्र की जाएगी। चुनावों के लिए 33 वार्डों में कुल 2013 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सहायता के लिए स्वयंसेवक, दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैठने की सुविधा, पीने के पानी की सुविधा सहित सभी आवश्यक सुविधाएं मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेंगी। इनकी दो ट्रेनिंग पूरी हो चुकी हैं और 20 परसेंट रिज़र्व समेत कुल 12,650 अफ़सरों और कर्मचारियों को ऑर्डर जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा, हर पोलिंग स्टेशन पर पुलिस भी तैयार रहेगी। चुनाव के लिए कंट्रोल यूनिट और बैलेट यूनिट मिल गई हैं और सभी वोटिंग मशीनों का शुरुआती इंस्पेक्शन हो चुका है।

सभी वोटिंग मशीनों को सील करके संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर के ऑफिस में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में पुलिस की कड़ी निगरानी में रखा गया है। सभी पोलिंग स्टेशनों पर CCTV सिस्टम लगाए गए हैं।

> **सेंसिटिव जगहों पर कैमरों से नज़र**
>
> ठाणे मनपा के 11 डिपार्टमेंट में 45 जगहों पर कुल 305 सेंसिटिव और बहुत ज़्यादा सेंसिटिव जगहें हैं और इन जगहों पर कुल 701 कैमरे लगाए गए हैं।

### वेबकास्टिंग के ज़रिए प्रोसेस पर कंट्रोल

रिटर्निंग ऑफिसर के ऑफिस, स्ट्रॉन्ग रूम, EVM कमीशनिंग की जगह, मटीरियल बांटने की जगह, सेंसिटिव और बहुत सेंसिटिव पोलिंग स्टेशन, काउंटिंग की जगह, मेन स्ट्रॉन्ग रूम, चेक पोस्ट वगैरह पर कड़ी नज़र रखने और यह पक्का करने के लिए कि चुनाव प्रोसेस की ट्रांसपेरेंसी और सिक्योरिटी बनी रहे, अब तक कुल 648 CCTV कैमरे एक्टिवेट किए जा चुके हैं।

# पैनल 7 में होगा युवाओं का राज



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 7 में शिवसेना युवा उम्मीदवार मयुर प्रभु लहाने, आर्किटेक्ट दुर्गा प्रसाद दिनेश राय, अश्विनी निकम व संघमित्रा हजारे ऐसे सभी युवा चुनावी मैदान में है। सांसद श्रीकांत शिंदे की सभा में भारी संख्या में भीड़ यही कहानी कह रही थी कि इस बार युवाओं का राज ही होगा। जिस तरह शहर भर में युवा चुनाव लड़ रहे हैं उनकी उत्सुकता का असर पैनल 7 में भी देखने को मिल रहा है। सभी युवा उम्मीदवारों ने जमकर चुनाव प्रचार किया है अब फैसले की समय आ चुका है। शिवसेना के युवा विरोधियों पर भारी पड़ रहे हैं। यहां पर आरपीआय के उम्मीदवार मैदान में उन्हें टक्कर दे रहे हैं।

### टेम्पो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में तेज़ रफ़्तार टेम्पो की टक्कर से 25 साल के बाइक सवार की मौत हो गई। यह घटना शनिवार सुबह के आस-पास हुई। इस बारे में शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। हादसे के बाद टेम्पो ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। मरने वाले युवक की पहचान सुमित चंद्रसेन गमरे (25) के तौर पर हुई है। वह अंबरनाथ ईस्ट MIDC में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता था। रोज़ की तरह वह सुबह बाइक से काम पर जा रहा था, तभी बदलापुर जाने वाली सड़क पर CNG पेट्रोल पंप के सामने यह हादसा हो गया। पीछे से आ रहे एक आयशर टेम्पो ने सुमित की बाइक को ज़ोरदार टक्कर मार दी।

# जिला स्तरीय 'सड़क सुरक्षा अभियान' नाट्य स्पर्धा में SST महाविद्यालय को प्रथम पुरस्कार



**ठाणे.** ठाणे जिला यातायात पुलिस आयुक्तालय की ओर से 'सड़क सुरक्षा अभियान ' के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय नाट्य प्रतियोगिता में उल्हासनगर स्थित एसएसटी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों ने यातायात नियमों और जीवन की सुरक्षा के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हुए नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

ठाणे स्थित राम गणेश गडकरी रंगायतन में आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में महाविद्यालय को मान्यवरों के कर-कमलों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता श्रेयस तलपड़े, ठाणे महानगरपालिका आयुक्त सौरभ राव, प्रसिद्ध उद्यमी अभिजीत गणू, पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, सह पुलिस आयुक्त डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण तथा यातायात पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा अभियान में विशेष सहयोग के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी का तथा जिला समन्वयक के रूप में उत्कृष्ट भूमिका निभाने के लिए उपप्राचार्य एवं ठाणे जिला एनएसएस समन्वयक प्रा. जीवन विचारे का विशेष सम्मान किया गया। नाट्य प्रस्तुति की सफल तैयारी, मार्गदर्शन एवं निर्देशन करने वाले प्रा. सुदर्शन पाटील और सदान जावरे भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस सफलता पर महाविद्यालय के प्रबंधन, प्राध्यापकवर्ग और विद्यार्थियों ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों तथा मार्गदर्शकों को हार्दिक बधाई दी और इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी बताया।

# 15 से 17 जनवरी को साईं खिम्यादास जी महाराज का 109 वां जन्मोत्सव



उल्हासनगर। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी परम पूज्य श्री महंत 108 सतगुरु साईं खिम्यादास जी महाराज का 109 जन्मोत्सव 15 से 17 जनवरी तक प्रेम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा।

ऐसी जानकारी हमें दरबार के प्रमुख प्रीतमदास उदासी भाई साहब ने दी है। भाई साहब ने बताया के कम्बर दरबार, बैरक नं. 891, सेक्शन 20, उल्हासनगर-3 में गुरुवार 15 जनवरी सुबह 11 बजे भजन कीर्तन और 1 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ साहिब का शुभ आरंभ होगा। शाम 6 से 8 बजे तक भजन कीर्तन।

शुक्रवार 16 जनवरी सुबह 9 से 11 बजे तक सेवा कार्य और दोपहर 1 से 3 बजे तक हथ प्रसादी।

शाम 6 से 8 भजन कीर्तन तथा शनिवार 17 जनवरी सुबह 11 बजे भजन कीर्तन और दोपहर 1 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ साहिब का भोग साहिब और प्रसाद वितरण होगा।

इस जन्मोत्सव में शामिल होने की अपील साईं प्रीतमदास उदासी ने आम जनता से की है।


## उल्हासनगर महानगरपालिका

ULHASNAGAR MUNICIPAL CORPORATION

दुरध्वनी क्र : 0251- 2720119 विस्तार क्र : 276 फॅक्स: 0251-2720104

Majhi Vasundhara

NCAP NATIONAL CLEAN AIR PROGRAMME

पर्यावरण विभाग
दिनांकः-13/01/2026

### 'आवाहन'

याद्वारे उल्हासनगर शहरातील सर्व नागरीकांना आवाहन करण्यात येते की, मा. राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरणामार्फत आणि मुंबई उच्च न्यायालय, औरंगाबाद खंडपीठ येथे दाखल SUO MOTO PIL No.08/2020 मध्ये दिनांक 20 डिसेंबर 2022 रोजी मा. उच्च न्यायालयाने दिलेल्या निर्देशानुसार प्लास्टीक/सिन्थेटीक पदार्थापासून बनविलेल्या नायलॉन मांज्यामुळे पक्षी व मानवी जिवीतास गंभीर दुखापती होत असतात त्याचप्रमाणे नायलॉन मांज्यामुळे विजेच्या तारा तुटून विजपुरवठा खंडीत होणे, विदयुत उपकरणे खराब होणे, अपघात होणे, जिवीताचे नुकसान होणे, पर्यावरणाची हानी होणे इत्यादी बाबी होत असल्याने नायलॉन मांज्याचा वापर करू नये.

तथापि, नागरीकांनी दिनांक 14 जानेवारी, 2026 रोजी देशभरात सर्वत्र साजरा केल्या जाणा-या मकरसंक्रात या सणानिमित्त पतंग उडविण्याची प्रथा असली तरी पर्यावरणाची हानी टाळण्यासाठी व पक्षी व मानवी जिवीतास दुखापत होवु नये याकरीता नायलॉन मांज्याचा वापर टाळावा व तसा कोणी वापर करत असतांना आढळल्यास त्यास प्रतिबंध करावा व वापराच्या दुष्परिणामाबाबत जनजागृती करावी तसेच महानगरपालिका प्रशासनास सहकार्य करावे.

जा.क्र. उमपा/पीआरओ/480/2026,
दि. 13/01/2026

सही/-
(विशाखा मोटघरे)
उप-आयुक्त (पर्यावरण)
उल्हासनगर महानगरपालिका


# आवारा कुत्तों के लिए मीका सिंह का बड़ा ऐलान

## 10 एकड़ जमीन दान करेंगे



सुप्रीम कोर्ट ने कुछ समय पहले ही आवारा कुत्तों को शहरों से हटाकर शेल्टर होम में भेजे जाने का बड़ा आदेश जारी किया है। हालांकि इस पर सिंगर मीका सिंह ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है कि वो कोई भी ऐसा फैसला न लें, जिससे आवारा कुत्तों को दिक्कत हो। इसके साथ ही उन्होंने ऐलान किया है कि वो खुद इन कुत्तों के लिए 10 एकड़ जमीन दान करेंगे, जहां कुत्तों की ठीक तरह देखभाल हो सके।

रविवार को मीका सिंह के आधिकारिक X अकाउंट (पहले ट्विटर) पर इस बड़े कदम का ऐलान करते हुए लिखा, 'मीका सिंह भारत के माननीय सुप्रीम कोर्ट से विनम्र अपील करते हैं कि कुत्तों की भलाई को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी फैसले से बचा जाए।'

आगे उन्होंने लिखा, 'मैं कहना चाहता हूं कि मेरे पास पर्याप्त जमीन है और मैं कुत्तों की देखभाल और रहने के लिए 10 एकड़ जमीन देने को तैयार हूं। मेरी सिर्फ इतनी विनती है कि कुत्तों की देखभाल के लिए सही स्टाफ और जिम्मेदार लोग उपलब्ध कराए जाएं। मैं कुत्तों के लिए शेल्टर बनाने और उनकी सुरक्षा, सेहत और अच्छे जीवन से जुड़ी सभी जरूरतों के लिए अपनी जमीन देने को तैयार हूं।'

# पैनल 16 साई पक्ष के रोड शो में शामिल हुए विधायक किणीकर





**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा के पैनल 16 में साई पक्ष के उम्मीदवार राजा गेमनानी, दीप्ति दुधानी, ज्योति चैनानी, भूमिका अगीचा के रोड शो में अंबरनाथ के विधायक किणीकर ने जमकर प्रचार किया। विधायक किणीकर ने प्रचार के दौरान कहा कि यह क्षेत्र अंबरनाथ विधानसभा में आता है और इस क्षेत्र में हमने बहुत ही विकास कार्य किया है और अब साई पक्ष के उम्मीदवारों के चुनने के बाद इस परिसर में और भी विकास को गति मिलेगी इसलिए अपना वोट साई पक्ष के उम्मीदवारों को ही दें। पैनल 16 में साई पक्ष के उम्मीदवारों का प्रचार करने सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे आए हुए थे और उन्हें जीताने की अपील भी की।

# पैनल 11 में साई पक्ष को जीताने की अपील सांसद शिंदे ने की



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर मनपा पैनल 11 में शिवसेना व साई पक्ष युति के उम्मीदवार जीवन इदनानी, किरण सिंह कलवा, इंदिरा उदासी व डॉ. हरेश जग्यासी को जीताने की अपील कल्याण लोकसभा के सांसद श्रीकांत शिंदे ने की है। उन्होंने कहा कि साई पक्ष और शिवसेना का मनपा चुनाव में गठबंधन है और आगे हमारी ही सत्ता शहर विकास कार्य करेगी जिसके लिए साई पक्ष को अपना समर्थन देकर शहर को विकास की ओर ले जाएं।






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099